# उत्तर प्रदेश पुलिस

## आरक्षी नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती / मृतक आश्रित)

## आधारभूत प्रशिक्षण, पाठयक्रम

**समयावधि- 09 माह**

**डा0 भीमराव आम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, मुरादाबाद।**

**प्रशान्त कुमार**
आई0पी0एस0
**पुलिस महानिदेशक**
**उत्तर प्रदेश**



# <u>संदेश</u>

मैं उत्तर–प्रदेश पुलिस, जो विश्व का सबसे बड़ा पुलिस बल है, में आरक्षी नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती/मृतक आश्रित) के नवीनतम सदस्यों के रूप में आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ और कहना चाहूँगा कि पुलिस का मुख्य कर्तव्य अपराध को रोकना और कानून–व्यवस्था बनाए रखना है। हम बिना किसी भय या पक्षपात के कानून को बनाये रखने और हर नागरिक को बिना किसी भेद–भाव के सुरक्षा प्रदान करने के लिये कृत–संकल्प हैं। इस कर्तव्य को सम्पादित करने के लिये पुलिस बल का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यन्त आवश्यक है।

मैं अपेक्षा करूँगा कि प्रत्येक सदस्य अनुशासन, टीम वर्क, जिम्मेदारी और जवाबदेही पर विशेष बल दे और उत्तर–प्रदेश पुलिस का एक आदर्श सदस्य बने। आपकी भूमिका आपके सहयोगियों एवं अधीनस्थों के लिये प्रेरणा स्रोत का कार्य करती हैं और वे आपके मार्गदर्शन में कुशलता पूर्वक कार्य करते हैं। इसलिये आवश्यक हैं कि आप अपने प्रशिक्षण काल की महत्ता को समझें और पूर्ण निष्ठा के साथ इसको पूर्ण करें।

(प्रशान्त कुमार)
पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश।

तिलोत्तमा वर्मा,
आई0पी0एस0
पुलिस महानिदेशक
Director General of Police



दूरभाष : कार्यालय : Off 2390252
Phone : फैक्स : Fax. 2724034
पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश
टॉवर संख्या–1, प्रथम तल, पुलिस मुख्यालय,
गोमतीनगर विस्तार, शहीदपथ, लखनऊ–226002
**Police Training Directorate, U.P.**
Tower No.1, 1st Floor, Police Headquarters,
Gomti Nagar Vistar, Shaheed Path, Lucknow-226002

## संदेश

मुझे अवगत कराते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है, कि 03 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् वर्ष–2025 में प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 द्वारा वर्तमान परिस्थितियों एवं 03 नये कानूनों के दृष्टिगत आरक्षी नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती/मृतक आश्रित) के आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को संशोधित करते हुये अद्यावधिक किया गया है।

इस पाठ्यक्रम में आरक्षी नागरिक पुलिस प्रशिक्षुओं को शिष्ट–विनम्र–जनोन्मुख एवं सेवोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने का उद्देश्य एवं जन सहमति एवं सहभागिता के साथ पुलिस कार्य करने का कौशल एवं मनोवृत्ति विकसित करने, उन्हे आत्मसम्मानी बनाने, उनके अन्दर प्रजातांत्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति आदर जागृत कराने पर बल दिया गया है।

आरक्षी नागरिक पुलिस का उत्तर–प्रदेश पुलिस में अग्रणी भूमिका निभाने एवं अपने सहयोगी सदस्यों को प्रेरित करने वाला होता हैं। मैं आशा करती हूँ कि इस पद पर नवनियुक्त प्रशिक्षणार्थीगण पूर्ण मनोयोग के साथ अपना प्रशिक्षण सम्पन्न करेंगे एवं कालान्तर में सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं साहस के साथ पदीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुये पुलिस विभाग का गौरव बनाये रखेंगे।

( तिलोत्तमा वर्मा )
पुलिस महानिदेशक,प्रशिक्षण,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं0 |
|---|---|---|
| | प्रस्तावना | 1 |
| | सामान्य निर्देश | 2 |
| 1. | संस्था में आगमन | 2 |
| 2. | आवास | 4 |
| 3. | भोजन व्यवस्था | 4 |
| 4. | परिधान | 4 |
| 5. | विशेष सेवाओं के लिए कटौती | 5 |
| 6. | दिवसाधिकारी | 5 |
| 7. | रात्रि गणना | 5 |
| 8. | चिकित्सा सुविधा | 6 |
| 9. | मनोरंजन | 6 |
| 10. | खेल-कूद | 6 |
| 11. | सांस्कृतिक कार्यक्रम | 6 |
| 12. | पुस्तकालय | 7 |
| 13. | सूचना पट्ट | 7 |
| 14. | सुझाव / शिकायती पत्र पेटिका | 7 |
| 15. | मासिक सम्मेलन | 7 |
| 16. | श्रमदान एवं वृक्षारोपण | 7 |
| 17. | अवकाश एवं अनुपस्थिति | 8 |
| 18. | महिला प्रशिक्षु द्वारा गर्भ धारण | 10 |
| 19. | प्रशिक्षुओं के लिए अनुशासन सम्बन्धी निर्देश | 10 |
| 20. | प्रशिक्षुओं द्वारा प्रशिक्षण संस्था में अपचार | 12 |
| 21. | संस्था में कारित अपचार के सम्बन्ध में दण्ड देने विषयक प्रावधान | 12 |
| 22. | प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण | 14 |
| 23. | प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की उपलब्धता | 15 |
| 24. | व्यवहारिक प्रशिक्षण | 15 |
| 25. | प्रशिक्षण के दौरान शान्ति-व्यवस्था ड्यूटी | 16 |
| 26. | प्रशिक्षकों के लिए निर्देश | 16 |
| 27. | परीक्षा प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण | 20 |
| 28. | पुरस्कार | 22 |
| 29. | अत्यधिक कुशल प्रशिक्षुओं की सूची | 22 |
| 30. | फीडबैक | 22 |
| 31. | प्रशिक्षण की रूपरेखा | 23 |
| 32. | सम्पूर्ण प्रशिक्षण के दिवस एवं कालांश | 23 |
| 33. | सम्पूर्ण प्रशिक्षण के कालांशों एवं अंको की गणना | 24 |
| 34. | प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषयों, कालांशों एवं अंकों का विवरण | 25 |
| 35. | दैनिक समय सारिणी | 28 |
| 36. | जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण | 29 |
| 37. | पाठ्यक्रम में संशोधन | 31 |
| | **परिशिष्ट - 1** प्रारम्भिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय वस्तु | 32 |
| | **परिशिष्ट - 2** आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय वस्तु | 34 |
| | **परिशिष्ट - 3** प्रशिक्षकगण का फीडबैक हेतु प्रारूप | 91 |
| | **परिशिष्ट - 4** संस्था का फीडबैक हेतु प्रारूप | 92 |

# प्रस्तावना

आरक्षी का पद पुलिस विभाग में ऑपरेशन के दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस स्तर के अधिकारियों की शतप्रतिशत नियुक्ति सीधी भर्ती/ मृतक आश्रित द्वारा होती है। प्रस्तुत पाठ्यक्रम आरक्षी नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती/ मृतक आश्रित) के प्रारम्भिक प्रशिक्षण एवं आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का है। **इस प्रशिक्षण में प्रारम्भिक प्रशिक्षण की अवधि 01 माह, आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि 09 माह व जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण की अवधि 03 माह है।**

## प्रारम्भिक प्रशिक्षण (Joining Training Centre- जे0टी0सी0)

(i) यहां **'प्रशिक्षण संस्था'** का तात्पर्य प्रशिक्षण संस्थान व जनपदीय पुलिस लाइन/ पीएसी वाहिनी पर स्थापित प्रशिक्षण केन्द्र से है।

(ii) यहां **'JTC प्रभारी '** का तात्पर्य जनपदीय पुलिस प्रमुख से है।

(iii) आरक्षी पद पर भर्ती के पश्चात प्रशिक्षु आरक्षियों को विभिन्न जनपदों की पुलिस लाइन में (30 दिवस से अनधिक) प्रारम्भिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

(iv) प्रशिक्षु आरक्षियों द्वारा एक प्रशिक्षण रजिस्टर बनाया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन उनके द्वारा किए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में संक्षिप्त विवरण अभिलिखित किया जाएगा, जिसमें अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण तथा बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के विषय में लिखा जाएगा।

(v) सम्बन्धित जनपद आर0टी0सी0 पुलिस लाइन से प्रशिक्षुओं को वर्दी की वे वस्तुयें उपलब्ध करायेंगें, जिनकी आपूर्ति पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा की जाती है। इसके अतिरिक्त जो वर्दी/ सामग्री स्थानीय स्तर से क्रय करके उपलब्ध करायी जाती है, वह भी उपलब्ध करा दी जायेगी। वर्दी के साथ सभी के किट कार्ड भी बनवा दिये जाएं।

(vi) जनपद पुलिस प्रभारी सभी प्रशिक्षु आरक्षियों की चरित्र पंजिका तैयार करायेंगें।

(vii) जनपद पुलिस प्रभारी जे0टी0सी0 प्रगति पत्र एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित फोटोयुक्त परिचय पत्र तैयार कराकर, प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ ही सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थाओं को सीधे भेजेंगें। **प्रशिक्षण संस्था द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों को परिचय पत्र वितरित किये जायेंगें।**

(viii) जनपद पुलिस प्रभारी प्रारम्भिक प्रशिक्षण की अवधि में कम से कम एक बार इन प्रशिक्षु आरक्षियों से साक्षात्कार करेंगें।

(ix) **प्रारम्भिक प्रशिक्षण में किसी भी प्रशिक्षु की 05 दिवस से अधिक अनुपस्थिति होने पर उसे प्रशिक्षण से विरत किया जाएगा एवं उसे अगले प्रशिक्षण सत्र से पुनः पूर्ण प्रशिक्षण (प्रारम्भिक प्रशिक्षण) प्राप्त करना होगा।**

## आधारभूत प्रशिक्षण (प्रशिक्षण संस्थान/ केन्द्र)

(i) यहाँ '**संस्था प्रमुख**' का तात्पर्य प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त वरिष्ठतम प्रभारी अधिकारी अथवा जनपदीय आरटीसी के लिए जनपद में नियुक्त जनपद पुलिस प्रभारी तथा पीएसी आरटीसी के लिए सम्बन्धित वाहिनी के प्रभारी सेनानायक से है।

(ii) प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रशिक्षु के प्रगति पत्रों का भली-भॉति अवलोकन किया जाएगा। यदि किसी प्रगति पत्र में कोई त्रुटि या कमी है तो सम्बन्धित जनपद प्रभारी से पत्राचार करके उसका निवारण कराया जाएगा। सभी प्रशिक्षुओं की चरित्र पंजिकाएँ उनके जनपद से प्राप्त करके उनका परीक्षण कर लिया जाये। यदि कोई विसंगति पाई जाए, तो उसका समाधान करा लिया जाए।

## सामान्य निर्देश

उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी (सीधी भर्ती/ मृतक आश्रित) प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण प्रचलित **उत्तर प्रदेश आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली, 2015** एवं अन्य सुसंगत नियमों के अनुसार कराया जाएगा।

### 1. संस्था में आगमन

(i) प्रशिक्षण संस्था में आगमन के दिनांक से प्रशिक्षु को जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण करने तक प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को '**प्रशिक्षु आरक्षी नागरिक पुलिस**' के नाम से सम्बोधित किया जाएगा।

(ii) आरक्षी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण संस्था में आगमन के पूर्व ही एक स्वागत कक्ष की स्थापना की जायेगी, इसमें समुचित पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी।

(iii) स्वागत कक्ष में प्रशिक्षुओं के आमद के सम्बन्ध में संस्था प्रमुख द्वारा निर्गत आदेश-निर्देश नोटिस बोर्ड पर प्रशिक्षुओं की सुविधा हेतु चस्पा किये जायेंगें।

(iv) स्वागत कक्ष में आगमन के समय प्रशिक्षुओं के लिए चाय, पानी आदि की व्यवस्था की जायेगी, जिसका व्यय प्रशिक्षुओं के मैस कटिंग में सम्मिलित किया जाएगा।

(v) स्वागत कक्ष में नियुक्त किये गये कर्मी प्रशिक्षुओं को पूर्व से आंवटित छात्रावास एवं भोजनालय की जानकारी देगें।

(vi) भोजन व्यवस्था के लिए मैस एडवांस के रूप में संस्था प्रमुख द्वारा निर्धारित धनराशि प्रशिक्षुओं से जमा करायी जायेगी। प्राप्त धनराशि की रसीद प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रदान की जायेगी।

(vii) स्वागत कक्ष में ही प्रशिक्षुओं के नॉमिनल रोल फार्म भरवाये जायेंगें, जिस पर एक नवीनतम फोटो भी लगवाया जाएगा एवं अभिलेखों की चेकिंग व मिलान किया जाएगा।

(viii) आमद के समय सभी प्रशिक्षुओं का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लिया जाएगा।

(ix) प्रशिक्षुओं की शारीरिक नाप-तौल, ऊंचाई, वजन, कमर (नाभि के स्तर पर) सैन्य सहायक/ एच.डी.आई. द्वारा सम्पादित की जायेगी, जिसका उल्लेख शारीरिक नाप-तौल रजिस्टर में किया जाएगा।

(x) प्रशिक्षण के प्रारम्भ में **''जीरो परेड''** आयोजित की जायेगी। समस्त प्रशिक्षुओं के आगमन के प्रथम **02** दिवस में सैन्य सहायक व एच.डी.आई./ प्रतिसार निरीक्षक/ सूबेदार मेजर द्वारा प्रशिक्षुओं को टोलियों में विभक्त कर जीरो परेड करायी जायेगी, जिसमें संस्था/ इकाई परिसर की पूर्ण जानकारी करायी जायेगी। सैन्य सहायक व एच.डी.आई./ प्रतिसार निरीक्षक द्वारा परिसर का भ्रमण अपने नेतृत्व में कराया जाएगा। इस अवधि में प्रशिक्षुओं के साथ **Ice Breaking Exercise** का आयोजन किया जाएगा। **''जीरो परेड''** की अवधि में प्रशिक्षुओं को गहन प्रशिक्षण न देकर पुलिस विभाग के परिवेश से परिचित कराया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से प्रशिक्षण का महत्व, पुलिस विभाग में अनुशासन की आवश्यकता तथा प्रशिक्षण संस्था में परेड ग्राउण्ड, गणना स्थल, भोजनालय एवं बैरक आवास के अनुशासन का ज्ञान कराया जाएगा।

(xi) प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार के आदेशों/ निर्देशों से अवगत कराने हेतु एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सअप/ टेलीग्राम पर ग्रुप बनाया जाएगा, जिसके ग्रुप एडमिन सैन्य सहायक/ क्षेत्राधिकारी लाइन्स/ अन्तःकक्ष प्रभारी, एच.डी.आई./ प्रतिसार निरीक्षक/ शिविरपाल, सूबेदार मेजर, हवलदार मेजर होंगें । सैन्य सहायक इस ग्रुप में अनुशासन बनाये रखने के उत्तरदायी होंगें।

**नोट- प्रशिक्षुओं की शारीरिक नाप-तौल, ऊंचाई, वजन, कमर (नाभि के स्तर पर) सैन्य सहायक/ एच.डी.आई. द्वारा प्रत्येक माह ली जायेगी और उसकी प्रविष्टि शारीरिक नाप तौल रजिस्टर में की जायेगी। इस नाप तौल का उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षु की शारीरिक फिटनेस में प्रशिक्षण के प्रभाव स्वरूप सुधार हो रहा है या नहीं।**

## 2. आवास

सभी प्रशिक्षुओं को संस्था परिसर के छात्रावासों में आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। सभी प्रशिक्षु, प्रशिक्षण अवधि में उक्त आंवटित छात्रावासों में ही आवासित होंगें। किसी भी परिस्थिति में उक्त अवधि में प्रशिक्षुओं को संस्था परिसर से बाहर रहने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। संस्था द्वारा छात्रावास में पर्याप्त रोशनी हेतु एल.ई.डी. बल्ब/ ट्यूब लाइट, पंखे तथा पलंग/ तख्त की व्यवस्था की जायेगी। छात्रावास में प्रशिक्षु के किसी परिवारजन, रिश्तेदार, मित्र, परिचित इत्यादि को ठहरने की अनुमति नहीं होगी।

महिला प्रशिक्षु आरक्षी के छात्रावास/ आवास के लिए निरीक्षक/ उपनिरीक्षक स्तर की महिला पुलिस अधिकारी प्रत्येक छात्रावास के लिए वार्डन के रूप में नियुक्त की जायेगी, जिसका कर्तव्य छात्रावास में अनुशासन बनाये रखना, प्रशिक्षकों एवं आगन्तुकों पर नियंत्रण रखना होगा। यथा-सम्भव वार्डन को उसी छात्रावास में रहने हेतु 01 कमरा एवं कार्यालय हेतु 01 कमरा प्रदान किया जाए।

## 3. भोजन व्यवस्था

(i) समस्त प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण संस्था में उनके लिए निर्धारित भोजनालय में ही भोजन करना अनिवार्य होगा।

(ii) भोजन करते समय भोजनालय में संस्था द्वारा निर्धारित पोशाक पहनी जायेगी।

(iii) मैस का पूर्ण संचालन स्वयं प्रशिक्षुओं द्वारा अपने ही बीच में से चयनित मैस प्रबन्धन समिति द्वारा किया जाएगा। यह मैस प्रबन्धन समिति सत्र निदेशक की देख-रेख में 01 माह के लिए बनायी जायेगी।

(iv) भोजन केवल भोजनालय के डायनिंग हाल में बैठकर किया जाएगा। भोजनालय से भोजन ले जाकर छात्रावास में या अन्यत्र भोजन करने की अनुमति नहीं होगी।

## 4. परिधान

प्रत्येक प्रशिक्षु को मौसम के अनुसार परेड/पी0टी0/विद्यालय में निर्धारित वर्दी पहननी होगी। प्रत्येक बृहस्पतिवार को अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की क्लास में प्रशिक्षु निर्धारित सादा परिधान यथा ग्रीष्मकालीन परिधान के रूप में सफेद पूरी बांह की शर्ट, काली पैन्ट, काली बेल्ट, काले मोजे व काले जूते (Formal) धारण करेंगे। इसके अतिरिक्त शीतकालीन परिधान में उपरोक्त के अतिरिक्त निर्धारित जर्सी धारण की जाएगी।

## 5. विशेष सेवाओं के लिए कटौती

प्रशिक्षण संस्था द्वारा जो भी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जायेंगीं उनके निमित्त संस्था प्रमुख द्वारा संस्था कटिंग के रूप में लाभ/ हानि रहित (No Profit/ No Loss) आधार पर की जाएंगीं। ऐसी सुविधाएँ, जिनका भुगतान सामूहिक रुप से किया जाना है उनके परिप्रेक्ष्य में संस्था प्रमुख द्वारा सत्र निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति, जिसमें प्रशिक्षु भी सम्मिलित होंगे, गठित की जाएगी जिसके द्वारा विभिन्न कटौतियों की राशि प्रस्तावित की जायेगी और ये कटौतियां संस्था प्रमुख द्वारा निर्धारित की जायेंगी।

## 6. दिवसाधिकारी

प्रत्येक प्रशिक्षण संस्था पर प्रतिदिन एक बाह्य विषय का प्रशिक्षक दिवसाधिकारी (Day Officer) के रूप में नियुक्त किया जाएगा। दिवसाधिकारी, प्रशिक्षण संस्था के नियुक्त/ कार्यरत प्रशिक्षकों में से ही नियुक्त किया जाएगा, जिसके निम्न कर्तव्य होंगें-

1. भोजन के समय भोजन व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का प्रशिक्षुओं से पालन कराना।
2. विद्यालय के समय प्रशिक्षुओं को एकत्रित कर गणना करना तथा उन्हें अन्तः कक्षाओं में पहुंचाना और उपस्थिति का स्टेटमेन्ट अन्तः कक्ष प्रभारी को उपलब्ध कराना।
3. प्रतिदिन प्रशिक्षण के दौरान बीमारी/ दुर्घटना इत्यादि की स्थिति में एच0डी0आई0/ सैन्य सहायक को सूचित कर तत्काल चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराना।
4. प्रतिदिन रात्रि गणना पर उपस्थित रहना।

## 7. रात्रि गणना

प्रशिक्षुओं की रात्रि गणना प्रतिदिन संस्था मेजर के द्वारा सूबेदार मेजर व एच.डी.आई. की उपस्थिति में ली जायेगी। किसी भी प्रशिक्षु को रात्रि गणना से छूट नही प्रदान की जायेगी। एच.डी.आई. रात्रि गणना की कुशलता रिपोर्ट सैन्य सहायक को देंगें। कोई भी उल्लेखनीय बात तत्काल एच0डी0आई0/ सैन्य सहायक के द्वारा उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लायी जायेगी। सैन्य सहायक सप्ताह में कम से कम 3 बार अपनी उपस्थिति में रात्रि गणना करायेंगें। प्रशिक्षण अवधि में सैन्य सहायक द्वारा संस्था प्रमुख की अनुमति से माह में कम से कम एक बार आकस्मिक रोल कॉल ली जायेगी।

## 8. चिकित्सा सुविधा

समस्त प्रशिक्षुओं को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। विशेष दशा में चिकित्सा अधिकारी की संस्तुति पर अन्यत्र उपचार की व्यवस्था करायी जायेगी एवं यदि प्रशिक्षण संस्था से चिकित्सालय काफी दूर स्थित होगा, वहाँ पर प्रशिक्षु के उपचार हेतु प्रशिक्षण संस्था प्रमुख सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी से सम्पर्क करके उपचार की व्यवस्था करायेंगें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रति 02 माह के अन्तराल पर अनिवार्य रूप से मेडिकल कैम्प लगाकर प्रशिक्षुओं का रूटीन मेडिकल परीक्षण (ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्राम आदि) कराया जाएगा एवं समस्त प्रशिक्षुओं का चार्ट तैयार किया जाएगा।

## 9. मनोरंजन

संस्था में प्रशिक्षुओं के मनोरंजन के लिए मनोरंजन–गृह में टेलीविजन तथा इन्डोर गेम्स यथा टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड, चैस व बैडमिंटन इत्यादि की व्यवस्था होगी। प्रशिक्षुओं के लिए छात्रावास में एक हिन्दी व एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र स्टैण्ड पर लगाकर पढ़ने के लिए व्यवस्था की जायेगी।

## 10. खेल-कूद

प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रशिक्षण अवधि में खेलकूद में भाग लेना अनिवार्य होगा। सैन्य सहायक खेल-कूद के लिए वॉलीबाल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, हैण्डबॉल, हॉकी, तथा तैराकी आदि हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें। सैन्य सहायक प्रशिक्षण अवधि में इण्डोर व आउटडोर खेलकूदों की प्रतियोगिता आयोजित करायेंगें और प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रारम्भ में ही सैन्य सहायक, सत्र निदेशक से परामर्श कर खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए कार्यक्रम तैयार कर संस्था प्रमुख से अनुमोदित करायेंगें तथा अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार इन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगें।

## 11. सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रशिक्षण अवधि के मध्य अकार्य दिवसों में प्रशिक्षुओं से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं तथा निबन्ध प्रतियोगिता आदि में प्रतिभाग कराया जाएगा। सत्र निदेशक/ सैन्य सहायक, संस्था प्रमुख के अनुमोदनोपरान्त इन कार्यक्रमों का आयोजन करायेंगें। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षुओं में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## 12. पुस्तकालय

संस्था में एक पुस्तकालय की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों तथा विभागीय ज्ञान से संबन्धित पत्रिकाएं इत्यादि रखी जायेंगीं।

## 13. सूचना पट्ट

संस्था में प्रशिक्षुओं के बैरक के निकट, गणना स्थल तथा अन्तःकक्ष में एक-एक सूचना पट्ट की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें प्रशिक्षुओं से सम्बन्धित सूचनाएं एवं आवश्यक आदेश/ निर्देश चस्पा किये जायेंगें।

## 14. सुझाव/ शिकायती पत्र पेटिका

(i) संस्था में प्रशिक्षुओं के छात्रावास के निकट एक सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका रखी जायेगी, जिसमें प्राप्त सुझाव एवं शिकायतों का निराकरण संस्था के प्रभारी द्वारा स्वयं किया जाएगा।

(ii) संस्था प्रमुख द्वारा नामित राजपत्रित अधिकारी द्वारा यह पेटिका प्रतिदिन खोली जायेगी।

(iii) सभी सुझाव/ शिकायतों को क्रमवार एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा एवं उसी में कृत कार्यवाही भी दर्ज की जायेगी जिसे प्रत्येक शुक्रवार को संस्था प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## 15. मासिक सम्मेलन

प्रत्येक माह संस्था प्रमुख द्वारा मासिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रशिक्षुओं से समस्याओं एवं प्रशिक्षण के संबंध में संस्था प्रमुख द्वारा वार्ता की जायेगी। संस्था प्रमुख द्वारा प्रशिक्षण में गुणात्मक सुधार हेतु सुझाव भी प्राप्त किये जायेंगें। सम्मेलन में उठाई गयी समस्याओं एवं सुझावों के सम्बन्ध में एक रजिस्टर बनाया जाएगा और अगले सम्मेलन में उनके निराकरण/ कृत कार्यवाही का विवरण अंकित कर संस्था प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## 16. श्रमदान एवं वृक्षारोपण

पुलिस विभाग में श्रमदान की एक दीर्घकालीन सुस्थापित परम्परा है। यह टीम भावना तथा संस्था/ इकाई से लगाव/ अपनत्व बढ़ाने के लिये अत्यन्त आवश्यक है। प्रशिक्षुओं से श्रमदान एवं वृक्षारोपण का कार्य केवल बृहस्पतिवार एवं द्वितीय शनिवार को पूर्वान्ह में ही कराया जाएगा, जिसमें उनसे परेड ग्राउण्ड, बैरक एरिया, क्वार्टर गार्द, गार्डन, संस्था परिसर आदि की सफाई व रख-रखाव का कार्य कराया जा सकेगा। कार्य दिवसों में बाह्य एवं अंतः विषयों के कालांशों में कोई श्रमदान एवं वृक्षारोपण नहीं कराया जाएगा।

## 17. अवकाश एवं अनुपस्थिति (आधारभूत प्रशिक्षण)

(i) आधारभूत प्रशिक्षण की अवधि में किसी भी प्रशिक्षु को सामान्य रूप से कोई अवकाश नहीं दिया जाएगा। अपरिहार्य परिस्थिति में संस्था प्रमुख द्वारा आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। सम्पूर्ण प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को अधिकतम 06 दिवस आकस्मिक अवकाश व 06 दिवस सार्वजनिक अवकाश के उपभोग की अनुमति देय होगी।

(ii) चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिये गये विश्राम अवकाश को देय अवकाश में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

(iii) यदि अपरिहार्य कारणों से कोई प्रशिक्षु पूरे प्रशिक्षण अवधि में कुल 21 कार्य दिवस तक अवकाश से अनुपस्थित हो जाता है तो उसके प्रभावित कालांशों की पूर्ति प्रचलित प्रशिक्षण सत्र में कराकर अन्तिम परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।

(iv) यदि कोई प्रशिक्षु, प्रशिक्षण अवधि में अनावश्यक रूप से आदतन सिक परेड में खड़ा होता है, जिससे उसकी प्रशिक्षण में अरूचि प्रदर्शित होती है, तो प्रशिक्षु का यह आचरण अनुशासनहीनता माना जाएगा।

(v) यदि कोई प्रशिक्षु, प्रशिक्षण अवधि में अनावश्यक या अनुचित रूप से अनुपस्थित होगा अथवा बिना अनुमति के प्रशिक्षण संस्था से अनुपस्थित होगा या अवकाश पर जाने पर बिना उचित या अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित होगा अथवा झूठे आधार पर अवकाश प्राप्त करेगा या प्राप्त करने का प्रयास करेगा, तो ऐसे प्रशिक्षु की इस अनुपस्थिति को अनुशासनहीनता माना जाएगा।

(vi) यदि कोई प्रशिक्षु प्रशिक्षण काल की अवधि में अनावश्यक या अनुचित रूप से कुल 15 कार्य दिवसों की अवधि से अधिक अनुपस्थित होगा अथवा बिना अनुमति के प्रशिक्षण संस्था से अनुपस्थित होगा या अवकाश पर जाने पर बिना उचित या अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित होगा अथवा झूठे आधार पर अवकाश प्राप्त करेगा या प्राप्त करने का प्रयास करेगा, तो ऐसे प्रशिक्षु की इस अनुपस्थिति को अनुशासनहीनता माना जाएगा। ऐसे प्रकरण की जांच संस्था प्रमुख द्वारा राजपत्रित अधिकारी से करायी जायेगी जो 07 दिवस के अन्दर पूर्ण कर ली जाएगी और अनुशासनहीनता के प्रमाणित होने पर प्रस्तर 21 के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों में से अनुशासनहीनता की गम्भीरता के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

(vii) पूरे प्रशिक्षण काल में किसी भी कारण (यथा आकस्मिक अवकाश, चिकित्सीय अवकाश, अनुपस्थिति आदि) से 45 कार्य दिवस से अधिक प्रशिक्षण से पूर्ण रूप से अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थी को अन्तिम परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा और उसे उसकी नियुक्ति जनपद को वापस कर दिया जाएगा। उसके नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस अनुपस्थिति के सम्बन्ध में प्रारम्भिक जाँच कराकर यह समाधान किया जाएगा कि क्या उक्त अनुपस्थिति ऐसी प्रकृति की है कि समुचित चेतावनी अथवा दण्ड देकर अगले बैच के साथ पुनः आधारभूत प्रशिक्षण करा दिया जाये, अथवा उक्त अनुपस्थिति बिना किसी आधार के है और अत्यन्त प्रमाद एवं लापरवाहीपूर्ण है। ऐसी स्थिति में **उत्तर प्रदेश आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली, 2015** के नियम 20(4) के अन्तर्गत नियुक्ति/सक्षम अधिकारी द्वारा उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(viii) यदि नियुक्ति प्राधिकारी उपरोक्त प्रस्तर 17(vii) के अन्तर्गत इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि संदर्भित प्रशिक्षु को प्रशिक्षण का मौका पुनः दिया जाना चाहिए तो वे तद्नुसार प्रशिक्षण निदेशालय एवं मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ को सूचित करेंगें। प्रशिक्षण निदेशालय अगले आधारभूत प्रशिक्षण कोर्स में उन्हें सम्मिलित करने का निर्णय लेकर नियुक्ति प्राधिकारी को सूचित करेगा तथा नियुक्ति प्राधिकारी उसे समय से आधारभूत प्रशिक्षण में भेज सकेंगें।

(ix) बाह्य प्रशिक्षण के दौरान लगने वाली चोटों/ फ्रैक्चर इत्यादि के कारण यदि किसी प्रशिक्षु की 30 कार्य दिवस तक की कुल अवधि तक अन्तः कक्षीय कालांशों में उपस्थिति हो व केवल बाह्य कक्षीय कालांशों से अनुपस्थिति हो, तो उस दशा में "काम नहीं तो दाम नहीं" का सिद्वान्त प्रभावी नहीं होगा। ऐसी स्थिति में उसके बाह्य कक्षों के प्रभावित कालांशों की पूर्ति नियमानुसार कराये जाने के पश्चात ही बाह्य विषयों की अन्तिम परीक्षा ली जायेगी। ऐसी दशा में प्रशिक्षु की संस्था से अनुपस्थिति नही मानी जायेगी।

(x) प्रशिक्षुओं के वेतन के संबंध में **''उत्तर प्रदेश आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली, 2015''** के **नियम 23 व 24** के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(xi) संस्था प्रमुख द्वारा अपने विवेक से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान सामूहिक अवकाश प्रदान किया जा सकेगा, परन्तु यह अवधि पूरे प्रशिक्षण अवधि में 03 कार्य दिवस से अधिक की नहीं होगी। उपरोक्त सामूहिक अवकाश, प्रशिक्षु को देय 06 दिवस आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त होगा।

## 18. महिला प्रशिक्षु आरक्षी द्वारा गर्भधारण

(1) आगमन के समय प्रत्येक महिला प्रशिक्षु इस बात का घोषणा पत्र देगी कि वह गर्भवती नहीं है तथा यदि वह प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती होती है, तो उसको तत्काल प्रशिक्षण से वापस कर दिया जाएगा।

(2) ऐसी गर्भवती महिलाओं को शेष प्रशिक्षण उनके प्रसूति की तिथि के एक वर्ष बाद आगामी प्रशिक्षण सत्र के साथ कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी परन्तु यदि गर्भवती होने से पूर्व महिला प्रशिक्षु द्वारा किए गए प्रशिक्षण की अवधि 04½ माह से कम रही हो तो पूरा प्रशिक्षण पुनः करना अनिवार्य होगा। यदि किए गए प्रशिक्षण की अवधि 04½ माह या उससे अधिक की हो गयी हो, तो शेष प्रशिक्षण उसी स्तर से पुनः आरम्भ होगा जहाँ से छोड़ा गया था एवं यह प्रशिक्षण निदेशालय के आदेश के उपरान्त अगले बैच के साथ कराया जाएगा।

(3) यदि किसी महिला को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के एक वर्ष के अन्दर प्रसव हुआ है तो प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के पूर्व उसे अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रशिक्षण हेतु फिट होने का प्रमाणपत्र देना होगा। राज्य से बाहर की निवासी महिला को यह प्रमाणपत्र संबन्धित प्रशिक्षण संस्था के जनपद में स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी से प्राप्त करना होगा। यदि किसी महिला को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के पहले अथवा प्रशिक्षण के दौरान गर्भपात हो जाता है तो प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के पूर्व वह अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी (यदि वह उत्तर प्रदेश राज्य से बाहर की निवासिनी है तो संबन्धित प्रशिक्षण संस्था/ केन्द्र के जनपद में स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी) से प्रशिक्षण हेतु उपयुक्त (Fit) होने का प्रमाणपत्र प्राप्त कर प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकेगी।

(4) प्रत्येक प्रशिक्षण संस्था पर नियमानुसार विशाखा कमेटी/ इन्टर्नल कम्प्लेन्ट्स कमेटी(आई.सी.सी.) का गठन किया जाएगा।

## 19. प्रशिक्षुओं के लिए अनुशासन सम्बन्धी निर्देश

(i) प्रशिक्षु का आचरण उच्चकोटि का होना चाहिए, जिससे प्रशिक्षण संस्था/ केन्द्र में अनुशासन सुदृढ़ रहे।

(ii) प्रशिक्षु द्वारा संस्था/ केन्द्र के सभी कार्यक्रमों में समयबद्वता एवं नियमों का ध्यान रखा जाएगा।

(iii) प्रशिक्षु व्यक्तिगत सफाई, सामाजिक व्यवहार, शिष्टाचार, मर्यादा और सत्यनिष्ठा का विकास करेगा।

(iv) प्रशिक्षु अपने सहयोगियों, संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अतिथियों के साथ संस्था के भीतर व संस्था के बाहर शिष्ट व्यवहार करेगा।

(v) प्रशिक्षु भोजनालय, मनोरंजन कक्ष, छात्रावास आदि में तेज ध्वनि से म्यूजिक नहीं बजाएगा और न ही तेज स्वर में बात करेगा।

(vi) प्रशिक्षण संस्था/ केन्द्र में धूम्रपान करना वर्जित है। संस्था परिसर में मदिरापान, नशीले पदार्थों का सेवन, तम्बाकू, गुटका व पान मसाले का सेवन एवं किसी भी प्रकार का भोजन बनाना पूर्णतः वर्जित होगा।

(vii) प्रशिक्षु वरिष्ठ अधिकारियों से पत्र व्यवहार उचित माध्यम से ही कर सकेगा।

(viii) सभी प्रशिक्षु क्लास में नियत समय से 05 मिनट पूर्व बैठ जाएगें।

(ix) प्रशिक्षुओं को यह सलाह दी जाती है कि वे बहुमूल्य आभूषण और अधिक नकदी छात्रावास में न रखें, बल्कि बैंक/ पोस्ट ऑफिस में रखें।

(x) बाह्य प्रशिक्षण के दौरान घड़ी, चेन, अंगूठी तथा अन्य आभूषण पहनना वर्जित है।

(xi) किसी आपात स्थिति में अन्तः प्रशिक्षण के दौरान यदि प्रशिक्षु को अन्तः प्रशिक्षण भवन से बाहर तथा संस्था परिसर के अन्दर जाने की आवश्यकता पड़ती है, तो वह इण्डोर प्रभारी की अनुमति से जा सकेगा।

(xii) संस्था परिसर से बाहर बिना अनुमति के जाना वर्जित है। अवकाश के दिन सैन्य सहायक की पूर्व अनुमति से ही प्रशिक्षु अनुमति के समय के अनुसार नामित प्रशिक्षक के साथ दैनिक आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए स्थानीय बाजार जा सकेगें। किसी भी प्रशिक्षु को संस्था परिसर से बाहर स्थानीय बाजार में अकेले जाने की अनुमति नहीं होगी।

(xiii) समस्त प्रशिक्षु संस्था के नियमों व संस्था के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्गत किये गये आदेशों का पालन करेंगें।

(xiv) यदि कोई प्रशिक्षु, संस्था प्रमुख से उनके कार्यालय में मिलना चाहेगा तो वह एच.डी.आई./ सैन्य सहायक के माध्यम से अनुमति लेकर कार्य दिवस में मिल सकेगा

(xv) प्रशिक्षु का संस्था के प्रशिक्षकों/ स्टाफ के सदस्यों के निवास स्थान पर जाना पूर्णतया वर्जित है।

## 20. प्रशिक्षुओं द्वारा प्रशिक्षण संस्था में अपचार

प्रशिक्षण संस्था में प्रशिक्षुओं द्वारा कारित अपचार निम्न प्रकार के होंगें-

(i) कर्तव्य निर्वहन में शिथिलता, उपेक्षा अथवा विफलता।

(ii) प्रशिक्षण संस्था के संकाय सदस्यों/ प्रशिक्षण स्टाफ/ कर्मचारियों पर हमला, अपराधिक बल, अपराधिक अभित्रास जैसे अन्य अपराधिक कार्य करना। (इन शब्दों के वही अर्थ होंगें जैसा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में परिभाषित हैं)

(iii) प्रशिक्षण संस्था में महिलाओं के संदर्भ में लैंगिक उत्पीड़न जैसे कार्य करना। लैंगिक उत्पीड़न का वही अर्थ होगा जैसा कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं प्रतिषेध) अधिनियम, 2013 में परिभाषित है।

(iv) हड़ताल का दुष्प्रेरण, प्रदर्शन या प्रदर्शन जनित अन्य कार्य।

(v) सोशल मीडिया पर राजनैतिक, अनैतिक एवं उपरोक्त बिन्दु (iv) से संबंधित जैसे संदेशों को प्रसारित करना।

(vi) पूर्व के अपराधिक इतिहास को छुपाकर नौकरी पाना।

(vii) अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिये स्वयं को जानबूझकर कर अयोग्य कर लेना।

(viii) अनुशासनहीनता/ अवज्ञा जनित कोई कार्य के लिए उत्प्रेरित करना।

(ix) अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना।

(x) शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन करना।

(xi) सार्वजनिक आमोद-प्रमोद एवं अन्य ऐसे कार्य कारित करना जिसे संस्था/प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों-निर्देशों द्वारा वर्जित किया गया हो।

## 21. संस्था में कारित अपचार के सम्बन्ध में दण्ड देने विषयक प्राविधान

(A) प्रशिक्षण संस्था में किसी प्रशिक्षु द्वारा बिन्दु संख्या 20 में वर्णित अपचार कारित करने के सम्बन्ध में संस्था प्रमुख द्वारा प्रशिक्षु द्वारा कारित अपचार की गंभीरता को दृष्टिगत निम्न कार्यवाही की जा सकेगी -

(i) **प्रचलित प्रशिक्षण सत्र से निलम्बन एवं निष्कासन (Suspension and Expulsion)-** इस प्रकार के प्रकरण में निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी से अनिम्न स्तर के संस्था प्रमुख या उनके द्वारा नामित अधिकारी, जो नियुक्ति प्राधिकारी से अनिम्न स्तर का न हो, द्वारा लिया जाएगा व इस प्रकार के प्रकरण में मामले की सम्पूर्ण रिपोर्ट अविलम्ब पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश को प्रेषित की जायेगी एवं इसकी एक प्रति नियुक्ति जनपद के प्रभारी पुलिस अधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

(ii) **सेवा से हटाया जाना ( Removal from service)-** यदि संस्था प्रमुख की राय में वह अपचार इस श्रेणी का है कि सम्बन्धित प्रशिक्षु दक्ष पुलिस आरक्षी के पद पर नियुक्त होने के योग्य न हो तो इस प्रकार के प्रकरण में निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी से अनिम्न स्तर के संस्था प्रमुख या उनके द्वारा नामित अधिकारी, जो नियुक्ति प्राधिकारी से अनिम्न स्तर का न हो, द्वारा लिया जाएगा व ऐसे प्रकरण की सम्पूर्ण रिपोर्ट अविलम्ब पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण के माध्यम से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को प्रेषित की जायेगी एवं इसकी एक प्रति जनपद के प्रभारी पुलिस अधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

(B) जो प्रशिक्षु उपरोक्त बिन्दु संख्या 20 में वर्णित अपचार के दोषी पाये जायेंगें, उनके विरुद्ध उ0 प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली,1991 के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।

(C) उपरोक्त बिन्दु संख्या 20 में वर्णित अपचार के मामले में दण्ड का निर्धारण संस्था प्रमुख द्वारा मामले के तथ्यों, परिस्थितियों, गम्भीरता एवं पूर्व में अधिरोपित दण्ड के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

(D) **बिन्दु संख्या 20 में वर्णित अपचार के मामले में कार्यवाही से पूर्व-**

(i) संस्था प्रमुख द्वारा सम्बन्धित अपचार के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी से जांच अधिकतम 07 दिवस के अन्दर करा ली जायेगी।

(ii) उपरोक्त बिन्दु संख्या- 21(A) के संदर्भ में संस्था प्रमुख द्वारा प्रकरण में कार्यवाही कर अपचारी प्रशिक्षु को उसकी नियुक्ति जनपद भेज दिया जाएगा तथा प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर प्रशिक्षण निदेशालय को अविलम्ब प्रेषित की जायेगी।

(iii) आशंकाओं को दूर करने के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि बिन्दु संख्या - 21 की समस्त कार्यवाही में संस्था प्रमुख के निष्कर्ष को अधिमान्यता प्रदान की जायेगी।

(E) **संस्था के उपप्रमुख की शक्तियाँ–** दण्ड तथा अवकाश के सम्बन्ध में उपप्रमुख की वही शक्तियाँ होंगी, जो संस्था प्रमुख द्वारा अधिकृत की जायें।

## 22. प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण

प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय से अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुसार संस्था प्रमुख के निकट पर्यवेक्षण में प्रदान किया जाएगा। संस्था प्रमुख प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक राजपत्रित अधिकारी को सत्र निदेशक नियुक्त करेंगें, जिसके निम्न कर्तव्य होंगें-

(i) प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्गत पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्बन्धित अन्तः एवं बाह्य कक्षीय पाठ्यक्रम को सम्बन्धित संस्था द्वारा विषयवार निर्धारित कालांशों के कार्य दिवसों के अनुसार इण्डोर प्रभारी व सैन्य सहायक के सहयोग से तैयार करवाना एवं इसका क्रियान्वयन कराना।

(ii) निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार अन्तः कक्ष एवं बाह्य कक्ष के प्रशिक्षकों को संस्था प्रमुख से अनुमोदन प्राप्त कर नियुक्त करना।

(iii) अन्तः कक्षीय एवं बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण में अनुशासन बनाये रखने के लिए मॉनीटर/ कमाण्डर नियुक्त करना एवं कक्षा में नियुक्त किये गये मॉनीटर/ कमाण्डर की सूची अन्तः कक्ष प्रभारी को उपलब्ध कराना

(iv) प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्बन्धित एल0एम0एस0 पोर्टल, ई-लर्निंग के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी देना एवं अन्य प्रशिक्षण सामग्री जैसे पुस्तकें, पत्रिकाएं, लेख, अभिलेख उपलब्ध कराना।

(v) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं समापन संस्था प्रमुख द्वारा/ उनके निर्देशानुसार किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कराना।

(vi) प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार मध्यावधिक एवं अन्तिम परीक्षाओं की समस्त व्यवस्था संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार एवं अनुमोदन के उपरान्त समय पर कराना।

(vii) प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी प्रशिक्षुओं के ठहरने एवं उनके भोजन आदि की व्यवस्था हेतु शिविरपाल को निर्देशित करते हुए समय से व्यवस्था सुनिश्चित कराना।

(viii) प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं में से ही प्रत्येक माह मैस प्रबन्धक नियुक्त करना। मैस मीटिंग प्रत्येक माह की अन्तिम तिथि को सैन्य सहायक की अध्यक्षता में की जायेगी, जिसमें अगले माह के लिए मैस मैनेजर व मैस कमेटी (क्रय समिति, आडिट समिति आदि) का चुनाव प्रशिक्षु करेंगें। मैस की खरीदारी के समय सैन्य सहायक द्वारा नामित प्रशिक्षक भी मैस प्रबन्धक के साथ जाएगा एवं खरीदारी के बाद साथ में वापस आयेगा। मैस से सम्बन्धित मैस मैन्यू एवं समस्त खर्च प्रत्येक माह की प्रथम सप्ताह में सभी प्रशिक्षुओं के अवलोकनार्थ मैस नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा।

(ix) यह सुनिश्चित करना कि मैस प्रबन्धक एवं मैस कमेटी प्रत्येक माह बदली जाये एवं ऐसे प्रशिक्षुओं, जिन्हे पूर्व में यह जिम्मेदारी नहीं दी गयी हो, को इसकी जिम्मेदारी दी जाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षुओं को यह कार्य सीखने का अवसर मिल सके।

(x) मैस मैन्यू को मैस कमेटी द्वारा प्रत्येक सप्ताह निर्धारित किया जाये, जिसे सत्र निदेशक एवं संस्था प्रमुख द्वारा अनुमोदित किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि इस मैन्यू में पौष्टिक आहार (Nutritious Meal) प्रदान किया जाये। आगामी सप्ताह का मैन्यू रविवार को मैस के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया जाये।

(xi) सत्र निदेशक प्रशिक्षुओं की परिसर (Campus) में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर छात्रावास एवं अन्तः कक्ष का औचक निरीक्षण भी करेंगें।

(xii) अपरिहार्य परिस्थिति में कोर्स के प्रशिक्षुओं के संस्था से बाहर जाने की स्थिति में सैन्य सहायक की अनुमति से एचडीआई के द्वारा गेट पास निर्गत किया जाएगा, जो एक निश्चित अवधि (निर्धारित घण्टे) हेतु मान्य होगा।

(xiii) प्रत्येक माह में किन्हीं 02 रविवार को प्रशिक्षुओं को अलग अलग समूह में कुछ समय के लिए प्रशिक्षण संस्था से बाहर भेजा जा सकेगा, जिससे वह अपने आवश्यकता की वस्तुओं की खरीदारी इत्यादि कर सकें, परन्तु इनकी वापसी रात्रि गणना से पहले सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक समूह के साथ संस्था/ प्रशिक्षण केन्द्र का एक अराजपत्रित अधिकारी साथ जाएगा।

## 23. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की उपलब्धता

प्रत्येक प्रशिक्षु को पाठ्यक्रम की एक प्रति संस्था द्वारा निशुल्क (Free of Cost) उपलब्ध कराई जाएगी।

## 24. व्यवहारिक प्रशिक्षण

संस्था में आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षु अपनी नियुक्ति जनपद में 03 माह (90 दिवस) का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगें। सभी प्रशिक्षु व्यवहारिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रशिक्षण पंजिका (Training Register) बनायेंगें, जिसमें दिनांक सहित प्रतिदिन के प्रशिक्षण का विवरण अंकित किया जाएगा। व्यवहारिक प्रशिक्षण की विषय वस्तु प्रस्तर 36 में दी गयी है। जनपद के प्रभारी पुलिस अधिकारी प्रत्येक माह के किन्हीं दो शुक्रवार को मूल्यांकन साक्षात्कार करेंगें, जिसकी टिप्पणी प्रशिक्षण पंजिका में करेंगे। संस्था प्रमुख द्वारा 03 माह बाद व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरान्त साक्षात्कार लिया जाएगा तथा जो प्रशिक्षु व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान पूर्णरूप से आरक्षी पद का दायित्व संभालने हेतु उपयुक्त पाये जायें, उन्हें जनपद के प्रभारी पुलिस अधिकारी द्वारा एक उपयुक्तता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अनुपयुक्त पाये जाने पर प्रशिक्षु की व्यवहारिक प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाकर उसे दक्ष बनाया जाएगा।

"व्यवहारिक प्रशिक्षण" प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से रूटीन कार्य न लिया जाये। पर्यवेक्षण अधिकारी इन्हें अधिकाधिक सुयोग्य बनाने में ध्यान दें।

**जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण अवधि में किसी भी कारण से 07 दिवस से 15 दिवस तक अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षु का जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण 15 दिवस से 21 दिवस तक की अवधि के लिए बढ़ा दिया जाएगा। यदि किसी कारणवश किसी प्रशिक्षु की जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण में अनुपस्थिति की अवधि 15 दिवस से अधिक होती है तो उसे पुनः पूर्ण जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।**

## 25. प्रशिक्षण के दौरान शान्ति-व्यवस्था ड्यूटी का व्यवहारिक प्रशिक्षण

संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय अथवा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा लिखित आदेश के बिना प्रशिक्षुओं को शांति व्यवस्था ड्यूटी के व्यवहारिक प्रशिक्षण में नहीं लगाया जाएगा, केवल पुलिस महानिदेशक मुख्यालय अथवा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देश पर ही कानून व्यवस्था की ड्यूटी के व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षुओं को व्यवस्थापित कर सकेंगे।

प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षुओं की 07 दिवस से अधिक अवधि की शान्ति व्यवस्था ड्यूटी के व्यवहारिक प्रशिक्षण के कारण प्रभावित कार्य दिवसों के बराबर प्रशिक्षण अवधि बढ़ाये जाने का अधिकार प्रशिक्षण निदेशालय का होगा। यह कार्य सम्बन्धित संस्था प्रमुख के प्रस्ताव पर विचारोपरान्त किया जाएगा।

## 26. प्रशिक्षकों के लिए निर्देश

### (क) सामान्य निर्देश

(i) प्रशिक्षुओं के आत्म-सम्मान को चोट न पहुँचने पाये। उन्हें स्वयं अपना तथा दूसरे का सम्मान करना सिखाया जाये। आवश्यक है कि उनमें हीन भावना न पनपने पाये और यदि पूर्व से ऐसी भावना हो तो उसे निकाला जाये। एक आत्म-सम्मान वाला आरक्षी ही नागरिकों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करेगा।

(ii) प्रशिक्षुओं में अपने कृत्यों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने का साहस पैदा किया जाये। हानि की कीमत पर भी असत्य का सहारा न लेने की भावना जागृत की जाये।

(iii) प्रशिक्षुओं के अन्दर प्रजातांत्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतन्त्रता की भावना जागृत करना प्रशिक्षकों का प्रमुख दायित्व है। उन्हें प्रशिक्षित किया जाये कि अशिष्ट/ उद्दण्ड व्यवहार करने वाले व्यक्ति को भी बिना उत्तेजित हुये, शिष्ट शब्दों से वार्ता करके शान्त करने का कौशल उनमें आ जाये।

(iv) प्रशिक्षुओं को व्यक्तियों से सम्मानजनक व्यवहार का बोध एवं अभ्यास कराया जाये, चाहे वह व्यक्ति पीड़ित हो, अभियुक्त हो, घायल हो अथवा बन्दी हो। जिन व्यक्तियों के ऊपर बल प्रयोग किया जाये, उनके साथ भी शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। घायलों/ शवों को उठाते/ परिवहन करते समय व्यक्ति की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाये।

(v) प्रशिक्षुओं में अपनी गलती होने पर क्षमा प्रार्थना करना/ खेद व्यक्त करना आवश्यक है। नागरिकों को असुविधा होने पर भी क्षमा मांगना उच्चकोटि के शिष्टाचार का द्योतक है। उदाहरणार्थ-तलाशी लेने से पूर्व या गिरफ्तारी करते समय **''क्षमा करियेगा/ माफ करियेगा''** इत्यादि संबोधन उचित हैं। नागरिकों को उनके द्वारा दिये गये किसी भी सहयोग के लिये धन्यवाद अवश्य दिया जाना चाहिये। इसका बोध तथा अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया जाये।

(vi) **प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली (Methodology) के सम्बन्ध में निर्देश** प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं को अध्ययन कराते समय निम्न विधियां प्रयोग में लायी जायेंगीं।

a. व्याख्यान (Lecture)
b. समूह संवाद (Group Discussion)/ पैनल संवाद (Panel Discussion)
c. प्रदर्शन (Demo)
d. सहभागी प्रशिक्षण (Participative Training)
e. अपराध दृश्य अनुकरण (Crime Scene Simulation)
f. प्रशिक्षण फिल्म (Training Film)
g. ऑडियो विजुअल के माध्यम से (Audio Visual)
h. Lec-Dem (Lecture- Demonstration) के माध्यम से प्रज़ेन्टेशन

## (ख) अन्तःकक्षीय प्रशिक्षकों के लिए निर्देश

(i) प्रशिक्षक प्रत्येक कालांश के लिए उच्चकोटि (प्रमाणित) पुस्तक से कालांश/ पाठ योजना (Session/ Lesson plan) पहले ही तैयार कर लेंगे। प्रशिक्षक अथवा अतिथि प्रवक्ता, जो कोई भी कक्षा लेंगें, वे क्या पढ़ाने जा रहे हैं, उसका एक सारांश पूर्व में ही बनाकर इण्डोर प्रभारी को कालांश से पहले ही उपलब्ध करा देंगें।

(ii) प्रशिक्षण संस्था प्रभारी सम्पूर्ण प्रशिक्षण अवधि का कार्यक्रम तैयार करायेंगें तथा सप्ताहवार कार्यक्रम निर्गत करेंगें।

(iii) प्रशिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे पाठ्योजना के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करें।

(iv) प्रशिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि कालांश के लिये उच्च कोटि (प्रमाणित) पुस्तक से पाठ पहले से ही तैयार करने के साथ-साथ इसमें अपने व्यवहारिक व उपयोगी अनुभव का समावेश भी करें।

(v) पाठ्य सामग्री को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व ही प्रशिक्षुओं को उपलब्ध करा दिया जाये, जिससे वे स्वयं विषय में तैयार होकर आयें और कक्ष प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठा सकें।

(vi) विषय वस्तु को स्लाइड व पिक्चर पर तैयार किया जाए एवं यथासम्भव पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत करें। संस्था/ केन्द्र प्रमुख से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण की गुणवत्ता चैक कराना सुनिश्चित करें।

(vii) प्रशिक्षु को व्यवहारिक ज्ञान, सुरक्षा/ वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी व अन्य ड्यूटी आदि के पूर्व मौलिक सिद्धान्त समझायें।

(viii) ऐसे प्रश्न तैयार किये जायें, जिसके उत्तर में पाठ के महत्वपूर्ण अंश सम्मिलित हों। पाठ को रटने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन न दिया जाये।

(ix) सही वर्दी धारण करें, जिससे फुर्तीलापन प्रदर्शित हो एवं उसका रख-रखाव भी साफ-सुथरा हो।

(x) प्रत्येक कालांश में प्रश्न पूछने/ शंका समाधान के लिए कुछ समय अवश्य दें।

(xi) मूल्यांकन में कम अंक पाने वाले प्रशिक्षुओं पर विशेष ध्यान दें तथा तेजस्वी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्द्धन करें। प्रशिक्षुओं की व्यवसायिक दक्षता सुधारने में उनकी मदद करेंगें।

(xii) ज्ञान जन सेवा के लिए है, अतः प्रत्येक विषय या अंश का क्रियात्मक अभ्यास अवश्य कराया जाए।

## (ग) बाह्य कक्षीय प्रशिक्षकों के लिए निर्देश

(i) सभी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं को पद कवायद का प्रशिक्षण **ड्रिल नर्सरी** से प्रारम्भ कराया जाएगा।

(ii) सभी प्रशिक्षक परेड ग्राउण्ड अपनी टोली के साथ जायेंगें एवं प्रशिक्षण के उपरान्त परेड ग्राउण्ड से टोली के साथ ही वापस आयेंगें।

(iii) कोई भी प्रशिक्षक परेड ग्राउण्ड पर साइकिल/ मोटर साइकिल/ गाड़ी से नहीं जायेंगें।

(iv) प्रशिक्षक यह सुनिश्चित करेंगें कि परेड/ खेलकूद के दौरान सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

(v) टोली प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगें कि यदि टोली में कोई प्रशिक्षु बीमार होता है तो तत्काल इसकी सूचना नियमानुसार उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जायेगी।

(vi) पाठ को सुविधाजनक भागों (कालांशों) में विभाजित करें तथा सबक चलायें।

(vii) विषय के अनुसार हिन्दी/ अंग्रेजी में व्याख्या करें।

(viii) अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन द्वारा नमूना दें।

(ix) विभिन्न हरकतों को एक-एक करके प्रत्येक प्रशिक्षु से कराया जाए, ताकि उसको पूरा ज्ञान हो सके।

(x) प्रत्येक प्रशिक्षु की त्रुटियों को व्यक्तिगत रूप से उसके नाम से पुकार कर सही करें। अनावश्यक टीका-टिप्पणी न करें, जब तक कि प्रत्येक प्रशिक्षु उससे भिज्ञ न हो जाये कि सही क्या है, तब तक अतिरिक्त समय में विशेष कालांश में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित करें। इस बात का ध्यान रखा जाए कि प्रशिक्षुओं का मनोबल न गिरने पाये।

(xi) वर्ड ऑफ कमाण्ड तेज व साफ शब्दों में दें।

(xii) शारीरिक प्रशिक्षण के पाठ इस प्रकार सिखायें जो उसके पूरे जीवन के लिए लाभकारी हों।

(xiii) विभिन्न खेलों जैसे तैराकी, एथलेटिक्स व कठिन बाधाओं को पार करने में रूचि उत्पन्न करायें।

(xiv) प्रशिक्षुओं की रूचि के अनुसार कालांशों को जूडो-कराटे/ कुश्ती/ बाक्सिंग आदि में विभाजित कर टोलियों में आयोजित करायें।

(xv) आउटडोर के समस्त विषयों का व्यवहारिक अभ्यास अवश्य करायें। उदाहरणार्थ- घर की तलाशी, जंगल का कार्डन व तलाशी, आबादी वाले क्षेत्र का कार्डन व तलाशी, वाहन की तलाशी, जमीनी आड़/ छिपाव हासिल करते हुये सशस्त्र व्यक्तियों का पीछा करना एवं फायर करना/ दबोचना, बन्द कमरे/ भवन में दाखिल होना, भवन के अन्दर प्रवेश एवं सशस्त्र कार्यवाही, हिंसक भीड़ पर बल प्रयोग, हिंसक व्यक्ति को बिना शारीरिक चोट पहुंचाये हुए बन्दी बनाना/ परिरूद्ध करना, अशिष्ट/ उद्दण्ड व्यक्ति को बिना उत्तेजित हुये वार्ता करना एवं उसे शान्त करना इत्यादि का पर्याप्त अभ्यास कराया जाये।

(xvi) बाह्य विषयों के प्रशिक्षण को पाठयक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु संस्था प्रमुख द्वारा नामित बाह्य प्रशिक्षण प्रभारी उत्तरदायी होंगें।

## 27. परीक्षा प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण

### (1) अन्तः विषयों की परीक्षाएं

(i) प्रशिक्षण की समाप्ति पर पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा केन्द्रीय रूप से अन्तः विषयों की परीक्षा को परीक्षा समिति के माध्यम से आयोजित कराया जाएगा। अन्तः विषयों की परीक्षाएं वस्तुनिष्ठ (**Objective**) होगीं। प्रत्येक दिन एक प्रश्न-पत्र की परीक्षा आयोजित होगी।

(ii) सम्पूर्ण प्रदेश में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं हेतु प्रश्नपत्र/ उत्तर-पुस्तिकाएं पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 द्वारा निर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मुद्रित कराकर ओ0एम0आर0 प्रणाली से मूल्यांकन कराया जाएगा।

(iii) परीक्षा की व्यवस्था इस प्रकार की जाए, जिससे नकल न होने पाए। परीक्षा को संस्था प्रमुख की उपस्थिति में पर्याप्त पर्यवेक्षण स्टाफ के साथ सम्पन्न कराया जाएगा।

### (2) बाह्य विषयों की परीक्षाएं

(i) प्रशिक्षण की समाप्ति पर समस्त बाह्य प्रशिक्षण की परीक्षाएं संस्था प्रमुख द्वारा सम्पन्न करायी जायेंगी। इसके लिये पर्याप्त बाह्य परीक्षक बुलाये जायेंगें, जो पुलिस उपाधीक्षक या अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के होंगें।

(ii) बाह्य विषयों की अन्तिम परीक्षा का परिणाम परीक्षा की समाप्ति पर उसी समय तैयार करा लिया जाये। परीक्षा में प्राप्त अंक सील बन्द करके उसी दिन संस्था/ केन्द्र प्रमुख को प्राप्त करा दिये जायेंगें।

### (3) न्यूनतम अंक

उत्तीर्ण होने हेतु अन्तः एवं बाह्य विषयों की परीक्षा में प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य होंगें। जिन अन्तः विषयों में सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक दोनों परीक्षाएं अपेक्षित हैं, उनमें दोनों परीक्षाओं का अंक जोड़कर कुल पूर्णांक का 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त संस्था प्रमुख के द्वारा प्रदत्त किए जाने वाले 100 अंकों में से 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### (4) पूरक प्रशिक्षण

(i) अन्तः एवं बाह्य विषयों अथवा दोनों प्रकार के विषयों की परीक्षा में कुल एक विषय में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षु आरक्षियों का 30 कार्य दिवस का पूरक प्रशिक्षण एवं उसके उपरान्त परीक्षा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप कराई जायेगी। 02 या उससे अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षु आरक्षियों का 90 कार्य दिवस का पूरक प्रशिक्षण एवं उसके उपरान्त परीक्षा पुलिस प्रशिक्षण

निदेशालय उ0प्र0 द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप कराई जायेगी। प्रशिक्षण/ परीक्षा उन्हीं विषयों की कराई जायेगी, जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहे हों। यदि कोई प्रशिक्षु अन्तः एवं बाह्य सभी विषयों में उत्तीर्ण हो परन्तु साक्षात्कार में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे भी 30 दिवस के पूरक प्रशिक्षण उपरान्त सिर्फ साक्षात्कार में उपस्थित होकर साक्षात्कार के कुल अंकों का कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(ii) किसी भी विषय की परीक्षा में नकल करते हुये पकड़े जाने पर प्रशिक्षु की सम्पूर्ण परीक्षा निरस्त मानी जाएगी और प्रशिक्षु को तत्काल प्रशिक्षण से उसकी नियुक्ति जनपद को वापस कर दिया जाएगा। प्रकरण की विस्तृत आख्या पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय को सूचित करते हुए नियुक्ति जनपद के पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की जायेगी। इस कार्यवाही के उपरान्त यदि पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्णय लिया जाता है कि उसे सेवा में रखा जाना है तो उसका पूरक प्रशिक्षण कम से कम 90 कार्य दिवस का कराया जाएगा तथा प्रशिक्षण के उपरान्त सभी विषयों की परीक्षा पुनः संपादित कराई जायेंगी।

### (5) विशिष्ट प्रशिक्षुओं हेतु पुरस्कार

ऐसे समस्त प्रशिक्षुओं, जो सम्पूर्ण विषयों में प्राप्तांकों के योग में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे, को विशिष्ट प्रशिक्षु (एक्सीलेण्ट कैडेट) घोषित किया जाएगा। विशिष्ट प्रशिक्षु घोषित करने में उस प्रशिक्षु के द्वारा प्रशिक्षण की अवधि में किये गये विशिष्ट कार्य तथा पुरस्कार आदि को ध्यान में रखा जाएगा, परन्तु ऐसा प्रशिक्षु, जिसके सम्बन्ध में प्रतिकूल सूचना प्राप्त हुई हो या जिसका आचरण प्रशिक्षण काल में वांछित स्तर का न रहा हो, को विशिष्ट प्रशिक्षु घोषित नहीं किया जाएगा, भले ही उसने 80 प्रतिशत अंक या उससे अधिक अंक प्राप्त किया हो। संस्था प्रमुख द्वारा विशिष्ट प्रशिक्षुओं को अलग से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

**(6)** उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की ज्येष्ठताक्रम का निर्धारण उ0प्र0 आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 से निर्दिष्ट नियमों के अनुसार होगा।

**(7)** अन्तिम परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षुओं का पूरक प्रशिक्षण बिन्दु संख्या 27(4)(**i**) के अनुसार पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्गत निर्देशो के अनुरूप आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षणोपरान्त संबधित विषयों की पूरक परीक्षा ली जायेगी। इन प्रशिक्षुओं का श्रेष्ठताक्रम मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण सभी प्रशिक्षुओं के श्रेष्ठताक्रम के नीचे उपरोक्तानुसार क्रमशः निर्धारित किया जाएगा।

## 28. पुरस्कार

आधारभूत प्रशिक्षण की समाप्ति पर निम्नलिखित पुरस्कार/ प्रशस्ति पत्र अथवा दोनों प्रदान किये जायेंगें जिसमें प्रारम्भिक प्रशिक्षण एवं आधारभूत प्रशिक्षण में प्राप्त अंकों को सम्मिलित किया जाएगा-

**(क) अन्तः विषय-**

(i) प्रत्येक विषय में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु

(ii) सभी अन्तः विषयों के योग में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु

**(ख) बाह्य विषय-**

(i) प्रत्येक विषय में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु

(ii) सभी बाह्य विषयों के योग में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु

**(ग) सर्वांग सर्वोत्तम-**

अन्तः विषयों, बाह्य विषयों, आन्तरिक एवं साक्षात्कार के आधार पर सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु को सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**(घ) परेड कमाण्डर-**

पासिंग आउट परेड के परेड कमाण्डर प्रथम एवं द्वितीय को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

**(ड़)** प्रशिक्षण में विशेष अभिरूचि रखने वाले उत्कृष्ट उपनिरीक्षक अध्यापक, आई0टी0आई0/ पी0टी0आई0 को भी प्रशिक्षण संस्था प्रभारी द्वारा अलग से पुरस्कृत किया जाएगा।

## 29. अत्यधिक कुशल प्रशिक्षुओं की सूची

खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्घोषणा इत्यादि में अत्यधिक कुशल प्रशिक्षुओं की डेटाबेस बनायी जाये एवं इसे प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त अपडेट किया जाये। इस सूची को प्रशिक्षण निदेशालय, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ एवं संदर्भित जोन के साथ भी साझा किया जाये।

## 30. फीडबैक

(i) अन्तःकक्षीय/ बाह्यकक्षीय प्रशिक्षकगण के बारे में प्रशिक्षुओं से प्रत्येक माह में फीडबैक **(परिशिष्ट- 3)** लिया जाए ताकि उनके द्वारा दी जा रही ट्रेनिंग की गुणवत्ता की मॉनीटरिंग की जा सके।

(ii) प्रत्येक प्रशिक्षु से संस्था के बारे में फीडबैक **(परिशिष्ट- 4)** प्रत्येक 15 दिवस पर लिया जाएगा जिससे फीडबैक में दर्शायी गयी कमियों को समय से सुधारा जा सके।

## 31. प्रशिक्षण की रूपरेखा

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **प्रारम्भिक प्रशिक्षण** | **30 दिवस** |
| **2.** | **आधारभूत प्रशिक्षण (प्रशिक्षण संस्थानों/ केन्द्रों में )** | **270 दिवस** |
| **3.** | **जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण** | **90 दिवस** |

## 32. सम्पूर्ण प्रशिक्षण के दिवस एवं कालांश

### (क) प्रारम्भिक प्रशिक्षण 01 माह (30 दिवस)

| क्र0सं0 | विषय | दिवस |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण की अवधि | 30 दिवस (1 माह) |
| 2. | रविवार एवं अवकाश की संख्या | 06 दिवस |
| 3. | प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध कुल दिवस | 24 दिवस |
| 4. | अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण हेतु प्रतिदिन 4 कालांश के अनुसार कुल कालांशों की संख्या | 96 कालांश |
| 5. | ‘‘जीरो परेड’’ की अवधि | 02 दिवस |
| 6. | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण हेतु प्रतिदिन 5 कालांश के अनुसार (श्रमदान/ रखरखाव दिवस) सहित | 120 कालांश |
| 7. | प्रशिक्षण हेतु कुल कालाँशों की संख्या | 216 कालांश |

**नोट-** अन्तःकक्षीय एवं बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के प्रत्येक कालांश की अवधि 40 मिनट होगी। इसके अतिरिक्त संस्था प्रमुख द्वारा अन्तःकक्षीय विषयों से बचे हुए 02 कालांशों में आवश्यकतानुसार दायित्व संबंधी कार्य का प्रशिक्षण कराया जा सकता है।

### (ख) आधारभूत प्रशिक्षण

| क्र0सं0 | विषय | दिवस |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण की अवधि | 270 दिवस |
| 2. | रविवार एवं अवकाश की संख्या | 54 दिवस |
| 3. | ‘‘जीरो परेड’’ की अवधि | 02 दिवस |
| 4. | मध्यावधि/ सामूहिक अवकाश | 03 दिवस |
| 5. | अन्तिम परीक्षा (अन्तः विषय, बाह्य विषय एवं साक्षात्कार) | 14 दिवस |
| 6. | दीक्षान्त परेड का अभ्यास | 07 दिवस |
| 7. | फायरिंग | 02 दिवस |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | जंगल कैम्प | 03 दिवस |
| 9. | प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध कुल दिवस | 185 दिवस |
| 10. | अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण हेतु प्रतिदिन 6 कालांश के अनुसार (185X6) कुल कालांशों की संख्या | 1110 कालांश |
| 11. | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण हेतु प्रतिदिन 5 कालांश के अनुसार (185X5) (श्रमदान/ रखरखाव दिवस सहित) | 925 कालांश |
| 12. | प्रशिक्षण हेतु कुल कालाँशों की संख्या | 2035 कालांश |

**नोट-** अन्तःकक्षीय एवं बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के प्रत्येक कालांश की अवधि 40 मिनट होगी।

## (ग) व्यवहारिक प्रशिक्षण- आधारभूत कोर्स करने के बाद नियुक्ति जनपदों में (03 माह)

## 33. सम्पूर्ण प्रशिक्षण के कालांशों एवं अंकों की गणना

